Sampark PR Media Resource Service

SAMPARK
Image Management Consultants

Date	4/2/2011
Publication	Jansatta
Edition/ City	New delhi
Page	7

प्रधानमंत्री ने करजई को भारत की चिंताओं से अवगत कराया

जनसत्ता ब्यूरो

नई दिल्ली, 3 फरवरी। प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने अफगानिस्तान के राष्ट्रपति हामिद करजई से गुरुवार को अफगानिस्तान में चल रहे पुनर्निर्माण के बारे में बात की और इस बारे में भारत की चिंताओं से उन्हें अवगत कराया।

प्रधानमंत्री व करजई की इस बैठक के बाद जारी साझा बयान में कहा गया कि दोनों नेताओं ने आतंकवाद के साझा खतरे पर चर्चा की। दोनों नेता इस बात पर सहमत हुए कि भारत और अफगानिस्तान के बीच सामरिक भागीदारी क्षेत्र में शांति और स्थिरता के लिए 'सकारात्मक कारक' है।

सूत्रों के मुताबिक बातचीत में प्रधानमंत्री ने अफगानिस्तान में भारतीयों की सुरक्षा को लेकर चिंता जताई और 'अफगान नीत व अफगान स्वामित्व' वाले शांति करार पर भारत के रुख को दोहराया।

अफगानिस्तान में भारतीय मिशन में काम करने वाले कर्मचारियों के अलावा करीब चार हजार भारतीय देश में सड़क, सफाई परियोजना आदि कार्यों में लगे हैं। भारत नए अफगान संसद भवन का भी निर्माण कर रहा है।

करजई यहां दिल्ली सतत विकास शिखर सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को संबोधित करने के लिए आए हैं। उन्होंने लंबे समय से भारत की ओर से दी जा रही मदद के लिए अफगानिस्तान की जनता की ओर से आभार व्यक्त किया।